Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


अपराध : पुलिस आरोपियों की पतासाजी करने में जुटी, आरोपियों पर मामला दर्ज

# म्यूल अकाउंट से लाखों की धोखाधड़ी मामले में नगर के दो युवकों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सायबर अपराध पर कार्रवाई करते हुए कांकेर सायबर सेल ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अवैधानिक आर्थिक लेनदेन के मामले में अपराध दर्ज करते हुए विवेचना में लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है।

सायबर सेल कांकेर के प्रधान आरक्षक मनीराम भोई ने 25 अक्टूबर को कांकेर थाना को जानकारी दिया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न म्यूल अकाउंट धारकों के विरूद्व कार्यवाही के लिए पुलिस मुख्यालय के द्वारा भेजे गए पत्र की जांच किया, जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि बड़ेपारा किरगोली निवासी 24 वर्षीय शत्रुघन राम मंडावी पिता बासुराम मंडावी स्वंय के नाम से यूको बैंक खाता में 1 लाख 90 हजार 48 रूपएं, बैंक ऑफ महाराष्ट्र का खाता में रकम 8 लाख 33 हजार 535 रूपएं, इण्डियन बैंक का खाता में 72 हजार 44 रूपएं व बैंक ऑफ बडौदा का खाता में 5 लाख 9 हजार 384 रूपएं उपरोक्त खाता खुलवाकर रवि शंकर को लेनदेन के लिए प्रदान किया गया था। शत्रुघन राम मंडावी द्वारा उक्त मोबाईल नम्बर का संचालन नहीं किया गया है। पुछताछ पर बताया कि उक्त मोवाईल नम्बर रविशंकर मंडावी ने दिया था। रविशंकर मंडावी को उसके दोस्त रांची के धीरज कुमार एवं गोरेलाल ने दिया था। उक्त सभी खातो में अनैतिक लेनदेन कुल जुमला रकम करीबन 16 लाख 5 हजार 11 रूपएं का लेनदेन हुआ है।




सायबर ठगी का हुआ खुलासा

पेटोली निवासी 28 वर्षीय रविशंकर मंडावी पिता शिशुपाल मंडावी को पुछताछ करने पर बताया कि वह रांची के धीरज कुमार एवं गोरेलाल को शत्रुहन मंडावी एवं स्वयं का 9 खाता दिया है। उन 9 बैंक खाता से कुल 43 हजार 83 हजार 640 रूपएं का लेन देन होना पाया गया है।

### जाँच में लेनदेन के मिले प्रमाण

सायबर सेल कांकेर ने जांच कार्यवाही के तहत दोनो व्यक्तियों का विस्तृत कथन लिया। बैंक डिटेल एवं केवाईसी डिटेल प्राप्त कर जांच कार्यवाही किया गया है। जांच दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया आरोपी शत्रुघन राम मंडावी एवं रविशंकर मंडावी द्वारा एक राय होकर जानबूझकर लाभ अर्जित करने के लिए धोखाधड़ी से धन राशि प्राप्त करने एवं उपयोग करने के लिए सर्वप्रथम यूको बैंक कांकेर तथा अन्य बैंको में अपना खाता खुलवाकर बेईमानी एवं प्रवंचना पूर्ण उपायों द्वारा सम्पत्ति को अभ्यत: प्राप्त कर उसे छिपाने एवं ब्ययनित करने में यह विश्वास करने का कारण रखते हुए प्राप्त सम्पत्ति का सवंर्धन करना एवं अवैधानिक लेनदेन होने की पुष्टि पाई गई।

### कांकेर पुलिस ने दर्ज किया मामला

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि सायबर सेल के द्वारा जाँच रिपोर्ट दिए जाने पर उसके आधार पर दो आरोपी शत्रुघन मंडावी और रविशंकर मंडावी के खिलाफ धारा 3 (5), 317 (2), 317 (4), 317 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा।

### सायबर सेल अन्य आरोपियों के तलाश में जुटी

सायबर सेल कांकेर अब आरोपियों के खिलाफ धन के स्रोत और सायबर नेटवर्क से जुड़ी कड़ियों की जांच कर रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अज्ञात व्यक्तियों के कहने पर अपने बैंक खाते या मोबाइल नंबर का उपयोग किसी भी ऑनलाइन लेनदेन के लिए न करें। ऐसा किए जाने पर धोखाधड़ी के तहत कार्यवाही किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई का है, जहां अज्ञात वाहन की ठोकर से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।



■ पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई के पास हुआ हादसा

लोहत्तर थाना में शिकायत करने पहुंचे सोनादई निवासी 29 वर्षीय नरेश कुमार गावड़े पिता गणेश राम ने पुलिस को बताया कि छोटे भाई मृतक कोमल देव गावड़े पिता नाथूराम गावड़े धान कुटवाने चाचा नाथुराम गावड़े की मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 1773 से लोहत्तर गया था और वहां से वापिस अपने घर सोनादई जा रहा था। लोहत्तर और सोनादई के बीच रोड पर 24 अक्टूबर की शाम 5 बजें सामने से आ रही कोई अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। दुर्घटना में कोमल देव गावड़ का मौके पर ही मौत हो गई। लोहत्तर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुर्गुकोंदल अस्पताल भेजा। पीएम के उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक कोमलदेव गावड़े भानुप्रतापपुर महाविद्यालय में द्वितीय वर्ष का छात्र था। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पिछले कुछ दिनों में विकासखंड दुर्गुकोदल क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। बीते सप्ताह ग्राम हानपतरी के भोजेंद्र बघेल की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, वहीं कोड़ेकुर्सी क्षेत्र में हुए एक अन्य हादसे में दो लोगों की जान चली गई। सिर्फ एक सप्ताह के भीतर हुई इन चार दर्दनाक मौतों से क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग किया है कि सड़कों पर निगरानी बढ़ाई जाए, अंधे मोड़ों पर संकेतक बोर्ड लगाए जाएं और रात्रिकालीन यातायात पर नियंत्रण रखा जाए, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### शहर में दो घंटे तक लाइट रही बंद, उपभोक्ता नाराज

**कांकेर।** कांकेर शहर के कई वार्डो में 25 अक्टूबर को बिना जानकारी के दो घंटे तक बिजली गुल हो जाने से शहरवासी परेशान हो गए और विभाग के ग्रुप में नाराजगी व्यक्त किया। अधिकतम लोगों का यहीं कहना था कि बिजली बंद करते है, तो जानकारी शेयर क्यों नहीं करते और जानकारी चाहीं जाती है, उसका भी जवाब नहीं दिया जाता है। कार्य करने का एक फोटो शेयर करके शांत हो जाते है, कोई सही जवाब नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश देखने को मिलता रहता है।

### क्रिकेट संघ ने ली ट्रायल खिलाड़ियों का चयन



**चारामा/कांकेर।** क्रिकेट संघ कांकेर द्वारा सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न आयु वर्ग की टीमों के चयन ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें अंडर 19 का चयन 24 अक्टूबर शुक्रवार को भावगीर नवागांव स्थित एनसीजी क्रिकेट ग्राउंड में चयन किया गया। वहीं अंडर 23 एवं सीनियर टीम का चयन आज 25 अक्टूबर शनिवार को किया गया।

### मन की बात कार्यक्रम का आज होगा लाइव प्रसारण

**कांकेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127 वीं कड़ी के लाइव प्रसारण को बूथ केन्द्र स्तर पर सुना जाना है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं जिलाध्यक्ष महेश जैन ने आह्वान किया है कि जिले के समस्त मंडल सभी बूथ केन्द्र में 100 की संख्या में मन की बात कार्यक्रम 26 अक्टूबर को अनिवार्य रुप से सुने।

### कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**चारामा।** वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत ग्राम कोटतरा के सप्ताहिक बाजार में लोगों की हस्ताक्षर लेकर फार्म भरा गया और केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के द्वारा किस तरह वोट चोरी कर चुनाव जीता जा रहा हैं, उसकी जानकारी दी गई। इस दौरान चारामा ब्लॉक प्रभारी नरेंद्र यादव, अध्यक्ष कांग्रेस मंडल कोटतरा चन्द्र कुमार कांगे, जनपद सदस्य चारामा अनमोल मंडावी, परमेश प्रयाग, डेमल ठाकुर, राजकुमार सेवता, राजेंद्र साहू, दिनेश गावड़े, जवाहर मंडावी, बोधन लाठियां, दुलार विश्वकर्मा, विक्रम शोरी, दिनेश कांगे, सुदामा कांगे, सुखू राम कांगे, महेंद्र नायक, संतोष शिंदे, धर्मीन शोरी, सतरूपा उईके और कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कलवर माइंस की वादाखिलाफी से ग्रामीणों में आक्रोश, जनसुनवाई के वादे अभी भी हैं अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ग्राम हाटकोंदल में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में ग्रामीणों ने कलवर माइंस प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि माइंस के संचालन के बावजूद गांव में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की हालत दयनीय है। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है। सभा में उपस्थित पांच पंचायतों के सरपंचों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि माइंस प्रबंधन ने जनसुनवाई में जो वादे किए थे, वे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। खदान में बाहरी लोगों को काम दिया जा रहा है, जबकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे।

■ बैठक में मिला केवल आश्वासन, स्थानीय युवकों को नहीं मिला रोजगार



माइंस से होने वाले राजस्व के बावजूद गांवों में सड़क, पानी और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं नहीं हैं। खदान से निकलने वाले प्रदूषण और लाल पानी से किसानों की फसल बर्बाद हो रहा है। सांसद ने ग्रामीणों की बात ध्यान से सुनी और कहा कि कलवर माइंस प्रबंधन का यह रवैया बिल्कुल गलत है। जनसुनवाई में किए गए वादों को पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है। मैं खुद प्रशासनिक अधिकारियों और माइंस प्रबंधन से बात करूंगा। ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए विशेष कदम उठाए ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खड़ी स्कूटी से बाइक के टकराने पर हुई मारपीट, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शीतलापारा चौक के पास खड़ी स्कूटी को एक युवक ने मोटर सायकल से टक्कर मार दिया। मोटर सायकल सवार युवक को जब समझाने का कोशिश किया गया तो वह पीड़ित युवक के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा और आवेश में आकर हाथ मुक्का से युवक के साथ मारपीट किया। मारपीट को देख वहां पर उपस्थित लोगो ने बीच बचाव किया। पीड़ित युवक ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे संजय नगर कांकेर निवासी 38 वर्षीय संजय सिंह राजपूत पिता स्व. भोजराज सिंह राजपूत ने पुलिस को बताया कि 24 अक्टूबर को मेरे चाचा का स्वास्थय खराब होने से इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराने के बाद सामान लेने के संजय नगर कांकेर जा रहा था। शीतलापारा चौक के पास खड़े होकर अपने दोस्तो के साथ बातचीत कर रहा था, तभी रात करीबन 9 बजें शीतलापारा कांकेर निवासी विजय जैन मोटर सायकल से मेरी खड़ी स्कूटी को ठोकर मार दिया। घटना के बाद मेरे द्वारा समझाईश देने पर विजय जैन के द्वारा मुझे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, मारपीट का देख आसपास में उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया। आसपास के लोगों के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता, तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। आरोपी के द्वारा मारपीट करने से मेरा गला, कान एवं गाल में दर्द हो रहा है। शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी विजय जैन के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## बारिश होने के कारण गृहमंत्री का हेलीकाप्टर माहला नहीं उतर पाया, वीडियो कांफ्रेसिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा 25 अक्टूबर को माहला के ग्रामीणों से सीधे संवाद करना चाह रहे थे, उसी के तहत दोपहर को 3 बजे पहुँचना था। तेज बारिश हो जाने के चलते ग्रहमंत्री का हेलीकाप्टर माहला में न उतर पाने के कारण सीधे कांकेर के सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज उतरा। गृहमंत्री ने कांकेर से माहला की जनता से वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से संवाद किया और उन्होने कहा कि नक्सलियों ने हथियार छोड़ दिया है। आपके क्षेत्र के स्कूल और स्वास्थ्य में जो दिक्कतें है, सबसे पहले इन समस्याओं का निदान किया जाएगा। विकासखंड कोयलीबेड़ा का माहला गांव ऐसा गांव है, जहाँ पर कई साल पहले नक्सलियों ने एक साथ पांच ग्रामीणों की हत्या किया था। डर के चलते पूरा गांव उठकर पखांजुर में बस गया था। माहला में बीएसएफ कैंप स्थापित होने के बाद गांव के कुछ लोग वापिस माहला आएं। माहला कैंप के जवानों पर नक्सलियों ने तीन बार हमला बोला, जिसमें तीन से चार जवान भी शहीद हुए थे, उसके बाद कामतेड़ा और कटगांव बीएसएफ कैंप खुलने के बाद नक्सली इस ईलाके में बैकफुट हुए। माहला के लोग नक्सलियों से ज्यादा परेशान हुए है, इसीलिए प्रदेश के गृहमंत्री माहला जाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद करना चाह रहे थे, परंतु बारिश के चलते उनका हेलीकाप्टर माहला में नहीं उतर पाया। वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से ग्रहमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि बारिश के कारण आपके बीच नहीं पहुँच पाया और आप लोगों ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ नक्सलियों ने हथियार छोड़ दिया है अब होगा, समस्याओं का निदान अब शीघ्र





### नक्सली समर्पण की उड़ी थी अफवाह

माहला बीएसएफ कैंप के बाजू में हेलीकाप्टर उतरने के लिए हेलीपैड कई दिनों से बनाया जा रहा था, इसलिए इस ईलाके में नक्सली समर्पण करेंगे, ऐसी अफवाह कई दिनों से चल रही है। माहला में समर्पण की अफवाह के चलते मीडिया का जमावड़ा ज्यादा देखने को मिला। माहला में तीन दिनों से अफवाह फैली है कि नक्सली समर्पण करने वाले है, परंतु ऐसा कुछ भी नहीं था।

10 दिनों तक बारिश के बीच कटाई में होगी दिक्कतें

# कोयलीबेड़ा में हुई झमाझम बारिश, मौसम में बदलाव से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिलेभर में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने की संभावना है। आगामी 10 दिनों तक कभी धूप तो कभी हल्की से मध्यम बारिश के दौर रह सकता है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले सप्ताह के मध्य तक तापमान में गिरावट और हवा में नमी बढ़ने से किसानों के लिए फसल कटाई और सुखाई दोनों ही मुश्किल हो सकती हैं। जिले के कोयलीबेड़ा इलाके में कई घंटे तक झमाझम बारिश हुई, नदियों का अचानक जल स्तर बढ़ गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जिले में आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 27 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि न्यूनतम तापमान 19 से 21 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। पहले तीन दिन हल्की बारिश और घने बादलों की स्थिति रह सकती है। चौथा से सातवां दिन में हल्की फुहारों के साथ नमी में वृद्धि होने के आसार हैं। आठवां से दसवां दिन तक आसमान साफ होने की उम्मीद जताई गई है, जिससे कटाई कार्य फिर से तेजी पकड़ सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव बंगाल की खाड़ी से आने वाले नमी भरे बादलों के कारण हो रहा है। हल्की ठंडी हवाएं और बादल फसलों के पकने की अवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि नवंबर के पहले सप्ताह के बाद मौसम सामान्य हो जाएगा। उसके बाद लगातार धूप और शुष्क हवाएं चलेंगी, जिससे धान की कटाई और परिवहन के लिए अनुकूल स्थिति बनेगी।

मौसमी बदलाव बंगाल की खाड़ी से आने वाले नमी भरे बादलों के कारण



### किसानों ने जताई चिंता

कोयलीबेड़ा के किसान सुकु यादव एवं परदेशी पोया ने बताया कि बारिश के कारण धान की फसल चौपट हो गई है। फसल कटाई के लिए मजदूर मिलना मुश्किल है और ऊपर से बारिश की संभावना बनी रहती है। खेत गीले होने से मशीनें फंस जाती हैं, जिससे काम रुक जाता है। लगातार बनी नमी से धान में झुलसा रोग, तना छेदक और पत्ती धब्बा रोग जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। सरकार को इसका मूल्यांकन करके किसानों की मदद करना चाहिए।

### बरिश हुई तो होगा काफी नुकसान

धान की फसल इस समय कटाई के अंतिम चरण में है। लेकिन लगातार नमी और बारिश की संभावना से किसान दुविधा में हैं। खेतों में पानी भरने की स्थिति बनी तो थ्रेसर मशीन चलाना मुश्किल होगा। गीली मिट्टी में फसल गिरने या धान की बालियों के सड़ने का खतरा भी बढ़ सकता है। जिन क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है, वहां फसल का नुकसान 10 से 15 प्रतिशत तक होने की आशंका जताई जा रही है।

## बस्तर ओलंपिक की तैयारी के लिए विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 29 से दुर्गुकोंदल में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि प्रतियोगिता का संचालन सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक हो सके।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभागवार कार्यों का विभाजन किया गया है। इसमें लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को मंच, टेंट और माइक व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। कृषि विभाग को सब्जी आपूर्ति की व्यवस्था, वन विभाग को किराना सामग्री की व्यवस्था, वहीं उद्यानिकी विभाग को स्वागत हेतु बुके, फूलों की माला और हर सजावट की जिम्मेदारी दी गई है। खाद्य विभाग को चावल और गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है, जबकि पीएचई को वीआईपी अतिथियों के लिए स्वल्पाहार और पेयजल व्यवस्था का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मैदान की तैयारी और खेल सामग्री ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर शनिवार को राज्य के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में स्थानीय सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। गौरतलब है कि 1 नवम्बर शनिवार होने के कारण राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में पूर्व से ही अवकाश निर्धारित है। छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय जारी आदेशानुसार यह अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं पर लागू नहीं होगा।

### दावा-आपत्ति 31 तक मंगाई गई

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत सोरिद वार्ड, जोधापुर वार्ड और हटकेशर वार्ड में पालना घर कार्यकर्ता एवं सहायिका पद की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। परियोजना अधिकारी ने बताया कि मूल्यांकन चयन समिति द्वारा जारी प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक नगरपालिक निगम कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय और संबंधित वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र में चस्पा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टोरेट के पीछे स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय में 31 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति मंगाई गई है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम चिरपोटी निवासी ब्रम्हकुमार निषाद पिता रामसिंग उम्र 52 वर्ष बीपी, शुगर व पथरी की बीमारी से पीड़ित था। वह पथरी के कारण होने वाले असहनीय दर्द से परेशान रहता था। तकलीफ से परेशान होकर अधेड़ ने 17 अक्टूबर की रात्रि अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। सुबह लगभग 4 बजे अधेड़ ने अपनी पत्नी को जगाकर पथरी के दर्द से परेशान होकर जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया।

व्रती परिवारों ने नहाय-खाय की रस्म शुरू किया, 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा

# आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आस्था, तप और श्रद्धा के संगम का प्रतीक छठ महापर्व आज शनिवार से पूरे उल्लास और भक्तिभाव के साथ प्रारंभ हो गया। उत्तर भारतीय समुदाय का यह प्रमुख पर्व सूर्योपासना को समर्पित है, जो साल में दो बार कार्तिक और चैत्र मास में मनाया जाता है। इस अवसर पर धमतरी में बसे उत्तर भारतीय परिवारों में धार्मिक उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। शहर और आसपास के क्षेत्र में हजार से अधिक परिवार इस पावन पर्व को पूरी निष्ठा और परंपरा के साथ मनाते हैं। व्रती परिवार विनोद चौधरी, अशोक चौधरी, रामकुमार यादव, अभिषेक, विवेक, अनामिका चौधरी, सुनीता यादव, प्रमिला चौधरी आदि ने बताया कि छठ महापर्व सिर्फ पूजा-पाठ का नहीं बल्कि आत्मसंयम, शुद्धता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। शनिवार को पर्व का पहला दिन नहाय खाय मनाया गया। इस दिन व्रतीजन पवित्र स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। इसी के साथ 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत की शुरुआत होती है। इस दौरान व्रती जल की एक बूंद तक ग्रहण नहीं करते और संपूर्ण मनोयोग से सूर्यदेव की उपासना में लीन रहते हैं। घरों में स्वच्छता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

रविवार को पर्व का दूसरा दिन खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रतीजन गुड़ और चावल से बनी खीर, रोटी और फल से भगवान सूर्य को भोग लगाएंगे। भोग के बाद प्रसाद का वितरण किया जाता है। खरना के बाद से व्रतीजन पूर्ण रूप से निर्जला उपवास पर रहते हैं और अगले दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी करते हैं। सोमवार को घाटों पर अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा, जब श्रद्धालु परिजनों के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। घाटों को रंगीन फूलों, दीपों और तोरणों से सजाया जा रहा है। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए फल, ठेकुआ, नारियल और प्रसाद से भरी दऊरा टोकरी सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करेंगी। इस क्षण वातावरण में छठ मैया की जय और ऊं सूर्य नारायण भगवान की जय के जयघोष गूंजेंगे। मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण किया जाएगा। यह दृश्य अत्यंत भावुक और मनोहर होता है, जब हजारों दीप जलते हैं। महिलाएं जल में खड़ी होकर सूर्यदेव से परिवार के सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।


फाइल फोटो

### धमतरी में धार्मिक माहौल

धमतरी शहर और ग्रामीण क्षेत्र में छठ पूजा के लिए आमातालाब सरोवर, रुद्री तट और अन्य तालाबों को सजाया जा रहा है। नगर निगम और सामाजिक संगठनों की ओर से घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु परिवारों ने कहा कि छठ पूजा हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह पर्व हमें संयम, श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति सम्मान का संदेश देता है।

### सामूहिक आस्था का पर्व

छठ महापर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर सभी वर्ग के लोग मिलकर तैयारी में भाग लेते हैं, जिससे सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनता है। जैसे-जैसे सूर्योपासना का यह पावन पर्व आगे बढ़ रहा है, धमतरी में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण चरम पर है। घाटों की रौनक, भक्तिमय गीतों की गूंज और आस्था से भरे चेहरों के साथ पूरा शहर छठ मईया की आराधना में डूबा हुआ है।

# राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए रोहनदीप का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सिपेट रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रोहनदीप साहू का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर में हुआ है। वे ग्राम दर्री के रहने वाले हैं। यह शिविर धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में 2 नवंबर तक आयोजित है। उनका चयन स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की ओर से किया गया है। शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 10 छात्र और 10 छात्राएं प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। इनके चयन पर सिपेट रायपुर के प्रधान निदेशक और प्रमुख डॉ. आलोक कुमार साहू, उमेश साहू मीडिया प्रभारी भाजपा समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है। ज्ञात हो कि उमेश साहू हमेशा छात्र-छात्राओं को तकनीकी कॉलेज में पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इससे जिले के लगभग 10 से 12 छात्रों को रोजगार भी मिला है।

# गांव-गांव में रही मातर उत्सव की धूम

## कुम्हड़ा ढुलाई की रस्म निभाकर गौवंश की अच्छी सेहत की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



गांव-गांव में मातर उत्सव की धूम रही। यदुवंशीय सुबह से गौ पूजा में लग गए थे। दिनभर कार्यक्रम का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान मेला का भी आयोजन हुआ। आसपास के कई गांव के लोग मेले में शामिल हुए। इसी के साथ मड़ई मेला का सिलसिला शुरू हो गया।

पांच दिवसीय दीपावली उत्सव की अंतिम कड़ी के रूप में गुरुवार को विभिन्न गांवों में मातर उत्सव का आयोजन किया गया। ग्राम भानपुरी में मातर उत्सव की तैयारी सुबह से शुरू हो गई थी, जहां पर सुबह कलश यात्रा, डिवहारिन देवी की गोठान में स्थापना, ठाकुर जोहारनी सहित कई कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम स्थल में सुबह से मेला का माहौल शुरू हो गया था। दोपहर से भीड़ भी जमा हो गई थी। देवी देवताओं की डांग डंगनी, आंगा देव की सवारी देखने लोगों का तांता लगा रहा। गांवों में गोवंश के अच्छे स्वास्थ्य और उन्नति के लिए साहड़ा देव की विशेष पूजा की गई। कुम्हड़ा ढुलाई की रस्म निभाकर कुम्हड़ा को गोवंश के पैरों से तुड़ाया गया। इसी कुम्हड़ा और जिमीकंद, शकरकंद को मिलाकर खिचड़ी पकाई गई और लोगों में प्रसादी के रूप इसे वितरण किया गया। इस दौरान अखाड़ा, राउतनाचा, करतब सहित कई प्रकार के आयोजन हुए। कार्यक्रम स्थल पर सत्यनारायण की पूजा भी हुई। ग्राम जुनवानी, गोकुलपुर, देमार, भानपुरी, भटगांव, कंडेल, देवपुर, कांशीपुरी सहित जिले के 100 से ज्यादा गांवों में मातर का आयोजन किया गया। ग्राम भटगांव में रावण मारो समिति द्वारा आयोजित मातर उत्सव में कई कार्यक्रम रखे गए थे। राउत नाचा, अखाड़ा प्रदर्शन सहित कई कार्यक्रम ने लोगों को आकर्षित किया। कई गांवों से मेहमान मातर में शामिल हुए। रात में मनोरंजक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।

# सात सगी बहनों ने इकलौते भाई के साथ मनाया भाईदूज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम खर्रा में भाईदूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। खर्रा निवासी हेमलाल यादव के बेटे डेविड यादव ने अपनी 7 सगी बहनों के साथ भाईदूज की रस्म को उत्साह के साथ मनाया।

सात सगी बहनों ने इकलौते भाई को रक्षासूत्र पहनाया और उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना कर मिठाई भी खिलाई। भाई ने भी अपनी बहनों की सदैव रक्षा का संकल्प लिया।

### अंचल में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास से मना

**नगरी।** गांवों में भाई-बहन के अटूट स्नेह और समर्पण के प्रतीक का पर्व भाई दूज पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने भी बहनों को स्नेह और उपहार देकर प्रेम का भाव व्यक्त किया। गांवों में पारिवारिक स्नेह और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# मड़ई में श्रद्धा, संस्कृति और समरसता का दिखा संगम



- सोरम में हुआ मातर महोत्सव और मौली मड़ई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक मातर महोत्सव एवं मौली मड़ई का आयोजन झिरिया यादव समाज सोरम में किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता रंजीत सिंह यादव ने की। परंपरा के अनुसार गाय को सोहाई से सजाकर पूजन किया गया, जिसे मातृत्व, समृद्धि और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है।

महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत और नृत्य से माहौल को सांस्कृतिक रौनक दी, जबकि युवाओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी। महापौर रामू रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यादव समाज प्रदेश की संस्कृति और परंपरा का अहम स्तंभ है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। उन्होंने समाज को एकता व सामाजिक सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। सामुदायिक सहयोग और पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया। रंजीत सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया।

# रुद्री में धूमधाम से मना गौरा-गौरी महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम रुद्री में पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ गौरा-गौरी महोत्सव एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। यह पर्व गौवंश के प्रति श्रद्धा और संरक्षण की भावना से जुड़ा हुआ है। इस दिन गौ माता को मोर पंख से बना रक्षासूत्र बांधकर खिचड़ी का भोग लगाया गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने देवराज इंद्र के घमंड को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठाया था। उसी स्मृति में प्रतिवर्ष यह पर्व मनाया जाता है। रुद्री में रात 3 बजे भगवान शंकर की बारात बाजे-गाजे और उत्साह के साथ निकाली गई। शाम को यादव समाज एवं ग्राम के बैगा गणेश ध्रुव के नेतृत्व में डांग-डोली यात्रा निकाली गई, जो गांव का भ्रमण करते हुए सांहड़ा देव स्थल पहुंची। वहां गौवंश की पूजा-अर्चना की गई।

# कलाकार दीपक ने जलाया अपने गांव में कला का दीप

- रंगोली से बनाई मां लक्ष्मी की भव्य आकृति, 10 घंटे की मेहनत से किया तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद






जिला मुख्यालय धमतरी से 25 किलोमीटर दूर कुरूद विकासखण्ड का छोटा सा गांव सेमरा (सि) पूरे अंचल में एक सप्ताह पहले त्योहार मनाने के लिए प्रसिद्ध है। उसी ग्राम के होनहार कलाकार दीपक निषाद ने दीपावली पर्व पर अपनी कलाकारी का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही बटोरी।

दीपक ने दीपावली त्योहार पर सिरदार मंदिर के पास 8x8 फीट क्षेत्र में मां लक्ष्मी देवी की सुंदर रंगोली अपने साथी कलाकार सुभान सिंह पटेल, उपासना साहू, हेमेश्वरी के साथ 10 घंटे की मेहनत से बनाई। इस पहल की सरपंच छबिलेश सिन्हा के साथ-साथ दूरदराज से आये अतिथियों व ग्रामीणों ने प्रशंसा की। इसी प्रकार प्रतिवर्ष प्रदर्शन करने के लिए कलाकार दीपक का उत्साहवर्धन किया गया।

### दातून की कुची से की कलाकारी की शुरुआत

बता दें कि दीपक निषाद का जन्म गरीब परिवार में हुआ है। बचपन से ही उनकी चित्रकला में रूचि रही है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दातून की कुची को ब्रश बनाया। आलता, महुर, नील व कोयले को पीसकर रंग बनाकर सुन्दर कलाकारी करता था। इन दिनों प्रदेश के प्रसिद्ध चित्रकार बसंत साहू (हेलने केलर पुरस्कार से सम्मानित) दीपक निषाद को चित्रकारी की बारीकियां सिखा रहे हैं।

# नन्ही बालिकाओं ने दी सुवा नृत्य की प्रस्तुति

- सिर्री में मां लक्ष्मी पूजन के साथ हुआ सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





ग्राम सिर्री में दीपावली पर्व पर जय महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा मां लक्ष्मी की स्थापना कर पूजन किया गया। गांव के पुराना स्कूल चौक, अटल चौक, बाजार चौक में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई।

इस दौरान जय महालक्ष्मी उत्सव समिति स्कूल चौक के अध्यक्ष हिरामन पटेल, उपाध्यक्ष नीलम साहू, सचिव परमेश्वर साहू, कार्यकर्ता हरि देवांगन, धनीराम पटेल, बल्लू पटेल, लोकेश्वर साहू, नारायण साहू, ओमप्रकाश साहू, मनोज देवांगन, पंडा बलदेव साहू, धनीराम के सहयोग से 22 अक्टूबर को हवन पूजन संपन्न किया गया। गांव के सभी स्थलों में माता का दर्शन करने श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ लगी रही।

गोवर्धन पूजा के दिन मंडलपारा की युवा समिति द्वारा संध्याकालीन सुवा नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें गांव की सुवा नृत्य की दर्जनों टीम ने भाग लिया। मंडलपारा की समिति द्वारा बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया और उनके नृत्य की सराहना भी की गई। मंच संचालन शोभाराम पटेल, वेदप्रकाश साहू, नोमेश साहू ने किया। बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। कार्यक्रम देखने दर्शकों की भीड़ रही।

# मातर देखकर लौट रहे तीन ग्रामीण सड़क हादसे में घायल

**धमतरी।** मातर कार्यक्रम देखकर लौट रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में तीनों घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन गुरूवार को अधिकतर गांवों में मातर का कार्यक्रम था। रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम सोरम में भी मातर मनाया जा रहा था। विष्णु यादव उम्र 55 वर्ष व मुकेश यादव उम्र 45 वर्ष ग्राम लोहरसी थाना अर्जुनी निवासी गुरूवार को अपने रिश्तेदार ग्राम सोरम निवासी चंदन यादव के गांव मातर देखने गये थे। रात्रि में तीनों मातर देखकर लौट रहे थे। इसी दौरान भटगांव आईटीआई कालेज के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से विष्णु व मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि तीनों नशे में थे। उल्लेखनीय है कि भटगांव आईटीआई कालेज के पास लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। महीने भर में यह तीसरी सड़क दुर्घटना है। लगातार



गांधी मैदान में चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

# सहकारी समिति के कर्मचारियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छग समर्थन मूल्य धान खरीदी संविदा ऑपरेटर महासंघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में हजारों समिति कर्मचारी, संविदा ऑपरेटरों ने गांधी मैदान में चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर रैली निकाली और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित राज्य मंत्रियों के नाम ज्ञापन सौंपा। रायपुर जिले में राज्योत्सव एवं प्रधानमंत्री के प्रवास के चलते स्थल न मिलने पर रायपुर जिले के कर्मचारी भी धमतरी के आंदोलन में शामिल हुए। कर्मचारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों की प्रमुख चार मांगें हैं - वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में हुए धान सूखत की भरपाई करते हुए शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन दिया जाए और धान खरीदी में सूखत का प्रावधान किया जाए। समर्थन मूल्य की धान खरीदी में आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया तत्काल बंद कर पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों को यथावत रखकर नियमित किया जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ की 2058 सहकारी समितियों को प्रतिवर्ष तीन-तीन लाख रुपये का प्रबंधकीय अनुदान एवं समिति विक्रेताओं को तीन हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाए। सेवा नियम 2018 में कांडे कमेटी की रिपोर्ट लागू करते हुए बैंक के विभिन्न पदों पर 50 प्रतिशत विभागीय भर्ती सुनिश्चित की जाए। आंदोलनकारियों ने बताया कि इन मांगों को लेकर विगत वर्ष भी आंदोलन किया गया था। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी ठोस निर्णय नहीं हुआ। कर्मचारियों का कहना है कि धान खरीदी अब समितियों के लिए घाटे का सौदा बन गई है। परिवहन व्यवस्था में असमानता और मार्कफेड द्वारा सूखत कमीशन की कटौती से समितियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो 28 अक्टूबर को संभाग स्तरीय रैलियां होंगी और इसके बाद नवा रायपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### अज्ञात वाहन की...

ताकि ऐसी दुखद घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मृतक के परिजनो दुर्घटना में अज्ञात के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कराया है।

### कलवर माइंस की...

जाएंगे। बुनियादी सुविधाओंको प्राथमिकता देकर सड़कों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कराया जाएगा। तय करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों से कहा आपके अधिकारों की लड़ाई में मैं आपके साथ हूं। किसी को डरने की जरूरत नहीं है। यह ग्रामीण विगत आठ दिनों से आंदोलनरत है, इनको इनका हक दिलाया जाएगा या इनकी माँग राजनैतिक की भेंट चढ़ जाएगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, अशोक जैन, सरपंच हरिशा मंडावी, उमेश्वरी मंडावी, सियाराम मंडावी व अन्य उपस्थित रहें।

### बारिश होने के...

से मिलने की बहुत ईच्छा थी। आप लोगों से सुनना चाह रहा था कि नक्सलियों से आप किस तरह से परेशान रहे। मेरा यहीं कहना है कि नक्सली लगातार हथियार छोड़कर लोकतंत्र के रास्ता में आ रहे है। हमारा विचार है कि आप लोगों की शिक्षा और स्वास्थ्य में जिस तरह की परेशानी है, उनको कलेक्टर तक पहुँचाए और हमारा प्रयास होगा कि उन समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। माहला में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जिलास्तर के सभी विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इसके अलावा पखांजुर तहसील मुख्यालय के भाजपा के स्थानीय नेता भी पहुँचे थे।

### बस्तर ओलंपिक की...

की व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। शिक्षा विभाग एनएसएस, एनसीसी इकाइयों के सहयोग से मैदान की सफाई और व्यवस्था संभालेगा, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग को खाद्य तेल एवं पकाने की सामग्री की आपूर्ति का दायित्व दिया गया है। विद्युत विभाग संपूर्ण बिजली आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

# वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नदीसागर में आज लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरी के खिलाफ वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में युवाओं एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। अभियान का उद्देश्य मतदाता के अधिकार, चुनावी पारदर्शिता और लोकतंत्र की मूल भावना की रक्षा करना बताया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व बोडनपाल मंडल के वीर सिंह बघेल ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा हमेशा या तो देश को धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर बांटकर वोट लेती है या फिर चोरी के रास्ते सत्ता में आती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित कई राज्यों में भाजपा ने लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन कर जनादेश का अपमान किया है। वीर सिंह बघेल ने आगे कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है। लोकतंत्र जनता की आस्था और भरोसे पर टिका है और जब वोट की चोरी होती है तो यह जनता के विश्वास पर हमला होता है।

उन्होंने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से बस्तर की जनता यह संदेश दे रही है कि अब किसी भी कीमत पर उनके मताधिकार के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडल के सचिव एवं बड़े चकवा उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अब सिर्फ नारा नहीं बल्कि एक आंदोलन बन चुका है।

यह आंदोलन जनता के अधिकार, सम्मान और लोकतंत्र की गरिमा को बचाने की लड़ाई है। अभियान के दौरान लोगों ने हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया कि वे आने वाले समय में जागरूक मतदाता बनकर वोट की ताकत से भ्रष्ट और वोट चोर राजनीति को जवाब देंगे।

## खबर संक्षेप

### सरपंचों को मिला नल-जल के संचालन व संधारण का प्रशिक्षण



**जगदलपुर।** क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र में सरपंचों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शुक्रवार को नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण सम्बन्धी जानकारी दी गई। साथ ही नल जल योजनाओं का समुचित उपयोग सहित जल संरक्षण में समुदाय की व्यापक सहभागिता के लिए पहल करने पर जोर दिया गया। प्रत्येक ग्राम में योजना के संचालन संबंधी पंजी संधारित करने, जल प्रदाय शुल्क, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, एफटीके टेस्टिंग, जल गुणवत्ता, जल वाहिनी, हर घर जल प्रमाणीकरण एवं हस्तांतरण के बारे में अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण, समुचित रखरखाव, पेयजल स्त्रोतों के समीप स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने, सोख्ता पिट बनाने के बारे में कम्प्यूटर पॉवर पाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी गई।

### दंतेश्वरी कन्या महाविद्यालय में हुआ मार्गदर्शन कार्यक्रम



**जगदलपुर।** दंतेश्वरी कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ आईडियाथन के प्रचार-प्रसार एवं छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को दोपहर में विभिन्न संकायों की छात्राएं उपस्थित रहीं।शुभारंभ प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने छात्राओं को नवाचार, सृजनशीलता तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात नोडल अधिकारी भुवनेश्वर कुमार ने छत्तीसगढ़ आईडियाथन की रूपरेखा, आवेदन प्रक्रिया, उद्देश्यों तथा सहभागिता के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंनेबताया कि रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शासन द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन छात्राओं को 51,000 का पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में प्राचार्य समेत बबीता दीवान, प्राध्यापकगण डॉ. प्रियंका शुक्ला, शबाना बेगम, डॉ. बृजेश गौतम, बिंदु साहू, तहसीन सुल्ताना, जीवित कोसले, डॉ. तृप्ति खनन, पूनम सोनी एवं हेमलता मिंज उपस्थित रहे।

## सांसद निधि से निगम को मिले 5 टैंकर

# ट्रिपल इंजन की सरकार में तेजी से हो रहा विकास : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



सांसद निधि से नगर निगम को पांच टैंकर प्रदान किए गए। शुक्रवार को मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, बेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवाश राव मद्दी,महापौर संजय पांडे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे तथा पार्षद सुरेश गुप्ता की उपस्थिति में यह टैंकर पीएचई विभाग को सौंपे गए।

सांसद ने कहा कि जल ही जीवन है। महापौर एवं जल कार्य सभापति की मांग पर मैंने पांच टैंकर नगर निगम को सौंपे हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार, जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा दायित्व है कि किसी को असुविधा न हो और हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचे।

महापौर संजय पांडे ने कहा कि पिछले चार वर्षों तक प्रदेश एवं नगर निगम में कांग्रेस की सरकार रहने के बावजूद एक भी टैंकर नगर निगम को नहीं मिला जो दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन जैसे ही विष्णु देव साय के नेतृत्व में संवेदनशील सरकार बनी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा 10 टैंकर नगर निगम को प्रदाय किए गए और अब सांसद ने अपने निधि से पांच टैंकर दिए हैं। इस प्रकार नगर निगम को अब तक 15 टैंकर प्राप्त हो चुके हैं।

जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद ने शहरवासियों की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टैंकर उपलब्ध कराए हैं। सांसद ने दो 407 मॉडिफाइड टैंकर देने की घोषणा भी की है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर योगेंद्र पांडे, निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंगारी, नरसिंह राव, रजनीश पाणिग्राही, श्रीधर ओझा, अरेन्द्र सिंह आर्य, योगेश ठाकुर, मनोहर दत्त, नरेंद्र पाणिग्राही रंजीत पांडे, शशी पाठक, संतोष गौर,रोशन सिसोदिया, उमा मिश्रा, पारुल बोथरा, पितामह नायक, पूनम सिन्हाबसंती समरथ, दिलीप सुंदरानी, प्रेम सेठिया, गजेंद्र पगारे, नीलम यादव, रंजिता पाणिग्रही उपस्थित रहे।

# छठ महापर्व की धूम, नहाय खाय से शुरू हुआ व्रत

**बिहार और पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोग बस्तर अंचल में बड़े उत्साह के साथ कर रहे 36 घंटे का निर्जला उपवास**





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छठ पूजा,जो सनातन धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, इस साल 24 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गई। बस्तर अंचल में बिहार और पश्चिम उत्तर प्रदेश से आए बड़े संख्या में लोग इस महापर्व को विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मना रहे हैं।

■ परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए किया जाता है यह व्रत

छठ व्रत भगवान सूर्य और छठ माता को समर्पित होता है और इसे करने से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। चार दिवसीय इस महापर्व में 36 घंटे का कठोर निर्जला उपवास रखा जाता है।

दिवाली के चौथे दिन,यानी कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को व्रत की शुरुआत 'नहाय-खाय' से होती है। इस अवसर पर व्रती अपने घर का शुद्धिकरण करते हैं और स्नान कर शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं।

इस साल भी छठ व्रती चावल के साथ लौकी की सब्जी, छोले और मूली आदि का सेवन कर उपवास आरंभ कर रहे हैं। इस दिन व्रती पवित्र नदी या तालाब में स्नान कर कच्चे चावल, चने और लौकी की सब्जी का सेवन करते हैं। उपवास के दौरान नमक वाला भोजन केवल एक बार ही किया जाता है। इस भोजन और स्नान की परंपरा व्रती की पवित्रता और भक्ति को दर्शाती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि नहाय-खाय महापर्व की शुरुआत का प्रतीक है और इसके बाद ही परिवार के अन्य सदस्य महाप्रसाद ग्रहण करते हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस व्रत के अंत में सूर्य अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन होता है।

# विश्व पोलियो दिवस पर निकली जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के सहयोग से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा ग्राम मधोता–2 में पल्स पोलियो जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य ग्रामवासियों में पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना और यह सुनिश्चित करना था कि गांव का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। अभियान का नेतृत्व जिला समन्वयक सूरज पटनायक ने किया। इस दौरान टीम ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पोलियो टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का सर्वे किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बच्चों को सीएचओ प्रमीला बघेल के माध्यम से पोलियो की खुराक दी गई है या नहीं।

संस्था के जिला समन्वयक ने बताया कि भारत ने पोलियो मुक्त राष्ट्र बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है लेकिन अब भी सतत जागरूकता और 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दशकों की निरंतर मेहनत और जनसहयोग से देश ने इस दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कार्यक्रम में उपस्थित सीएचओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंगलदई मांझी, डॉ. हिरमा मरकाम, फार्मासिस्ट रविंद्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे, स्टाफ नर्स पूर्वा खापर्डे, पायलट अशोक सहित हितग्राही उपस्थित थे।

इस दौरान घर-घर जाकर बच्चों की पोलियो खुराक की स्थिति की जांच की गई।

पोलियो उन्मूलन के महत्व और वैक्सीन की अनिवार्यता पर जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से दो बूंद ज़िंदगी की संदेश को घर-घर पहुंचाया गया।स्थानीय महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### छग राज्य स्तरीय संगठनात्मक प्रथम बैठक व दीक्षांत समारोह

**जगदलपुर।** तक्षशिला पार्क में परम पूज्य योग ऋषि स्वामी महाराज एवं परम पूज्य आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य महाराज के कुशल मार्गदर्शन में आप सभी योग सेवा से राष्ट्र सेवा एवं मानव सेवा के कार्य में निरंतर संलग्न योग साधको के लिए यह बड़े हर्ष और सौभाग्य की बात है कि 26 अक्टूबर को प्रथम राज्य स्तरीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन जगदलपुर में किया जा रहा है। जिसमें सर्वप्रथम पूज्य स्वामी नरेंद्र देव के पावन सानिध्य में विशेष योग सत्र समय- प्रातः 5:30 बजे से 7:30 तक दुर्गा मंदिर सभागार शांति नगर जगदलपुर होगा। तत्पश्चात प्रातः10 बजे से तक्षशीला पार्क जगदलपुर में बस्तर संभाग व राज्यस्तरीय बैठक में नवीन पदाधिकारी व कार्यकारिणी का परिचय-सम्मान के साथ निम्न एजेंडा पर चर्चा की जायेगी।जिसमे ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार, संभाग स्तरीय विशाल योग शिविर व ज़िला सहयोग प्रशिक्षण शिविर होगा। साथ पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आगामी मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में भेजने हेतु चर्चा के साथ पूर्व में बने सह योग शिक्षक को प्रमाण पत्र प्रदान कर दीक्षांत समारोह के साथ बैठक पूर्ण होगी। इस बैठक में बस्तर संभाग को दो भागो में बाँट कर किया जा रहा है जिसमें जगदलपुर में दंतेवाड़ा सुकमा बीजापुर के तथा दूसरी बैठक संध्या कोंडागाँव में सम्मिलित ज़िले नारायणपुर और कांकेर होंगे।

# सिड़मुर पंचायत का फैसला धर्मांतरण पर रोक




हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिला के सिड़मुर गांव में ग्रामसभा ने एक फैसला लेकर पादरियों के गांव में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। धर्मांतरण के बढ़ते मामलों और बाहरी प्रचारकों की गतिविधियों को देखते हुए यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। इस निर्णय के बाद ग्रामसभा ने गांव के प्रवेश द्वार पर एक बड़ा पोस्टर चस्पा कर चेतावनी दी है कि अब कोई भी बाहरी व्यक्ति धार्मिक प्रचार या धर्मांतरण के उद्देश्य से गांव में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

■ धर्मांतरण पर सख्त रुख, सिड़मुर ग्रामसभा ने पादरियों के गांव में प्रवेश पर लगाया रोक

ग्रामसभा के इस निर्णय से गांव में पहले से रह रहे कुछ ईसाई परिवारों के बीच भय और असमंजस का माहौल है। वे इस प्रस्ताव को लेकर चिंतित हैं और ग्रामसभा के रुख को लेकर भविष्य की स्थिति पर विचार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह फैसला किसी समुदाय विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। सिड़मुर पंचायत के लगभग 275 परिवार इस निर्णय के समर्थन में एकजुट होकर खड़े हैं। ग्राम प्रतिनिधियों का कहना है कि गांव की एकता, सामाजिक शांति और पारंपरिक संस्कृति को बचाने के लिए यह कदम जरूरी था।

ग्रामसभा ने यह भी साफ किया कि अब गांव में कोई भी व्यक्ति यदि धार्मिक प्रचार, चंदा संग्रह या धर्मांतरण की नीयत से आएगा, तो उसके खिलाफ सामूहिक रूप से कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामसभा का कहना है कि यह निर्णय गांव की शांति, परंपरा और सामाजिक एकता की रक्षा के लिए लिया गया है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत फ्रीडम दौड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



शनिवार को 80 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वाहिनी के पुलिस उप महानिरीक्षक आईपीएस रेंज कार्यालय जगदलपुर एस अरुल कुमार के मार्गदर्शन में एवं कमाण्डेन्ट, जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन जगदलपुर में किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम कार्यक्रम में खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार सीआरपीएफ फिट इंडिया फ्रीडम रन 80 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, जवानों के साथ-साथ लालबाग फिटनेश एकेडमी जगदलपुर के युवक-युवतियों एवं आमजनो ने सीआरपीएफ फिट इंडिया फ्रीडम रन में दौड लगाई एवं कार्यकम में बढ-चढ भाग लिये। दौड़ का आयोजन मुख्यालय 80 वीं वाहिनी से रेलवे स्टेशन जगदलपुर एवं वापसी तक दौड कराया गया जिसमें बढ़-चढ के भाग लिये।

एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में कमांडेंट जितेन्द्र कुमार द्वारा भारत की एकता एवं महत्वता के बारें में बृहद् जानकारी साझा कर जागरुक किया गया कि यह पहल भारत सरकार द्वारा किया गया अग्रीण प्रयास है, जिससे देश में लोगो को एक-दूसरे से जोड़कर एकता और सदभावना का बढ़ावा दिया जा सके। यदि हर व्यक्ति फिट इंडिया फीडम में अपने दिनचर्या में दौड, व्ययाम एवं योग शामिल कर स्वस्थ्य रहे जिससे हमारा घर, परिवार एवं देश स्वस्थ्य रहे ताकि सभी बीमारियों से निजात पाया जा सके।

एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम पर वाहिनी के अधिकारी सुबीर राय, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. उत्पल गागोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मकसूद आलम, पकमा, वेंकट विकास, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व जवानों के साथ लालबाग फिटनेश एकेडमी जगदलपुर के युव-युवतियों एवं आमजनो ने इस कार्यक्रम मे उत्साह पूर्वक किया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पानी भरने पर विवाद, ईंट से हमले पर मामला दर्ज

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंची बोटेचांग निवासी सुरूजबत्ती पति देवनाथ उसेंडी ने पुलिस को बताया कि पानी भरने सरकारी नल पर गई थी। पानी भरने के बात को लेकर अनिता बाई नुरूटी के साथ विवाद होने पर आरोपी अनिता बाई ने ईट से हमला बोल दिया, जिससे मुझे चोंट आई। मैने गांव वालों को बताया। मारपीट के संबंध में पूछने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिए और शलेन्द्री उसेंडी, मनीषा उसेंडी, ईश्वर दर्रो तथा सुरेन्द्र उसेण्डी के साथ मारपीट किए है, हम सभी को चोंट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अनिता बाई नुरूटी, चिंताराम नुरूटी, अजोतीन दर्रो व लक्ष्मण जैन के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### छठ पूजा का दूसरे दिन आज खरना अनुष्ठान

**कांकेर।** आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत 25 अक्टूबर से हो गई है, जिसका समापन 28 अक्टूबर को होगा। इस पावन पर्व के दौरान सूर्य देव और माता छठी की उपासना की जाती है। छठ पूजा का दूसरा दिन खरना होता है, जो कि आज 26 अक्टूबर को है। खरना में व्रती सुबह से शाम तक निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को पूजा के बाद गुड़ की खीर और रोटी खाकर अपना व्रत तोड़ती हैं। इस दिन को बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस दिन से ही 36 घंटे के लंबे निर्जला व्रत की शुरुआत होती है। धार्मिक मान्यता है कि खरना के दिन ही छठी मैया का घर में प्रवेश होता है। छठ पूजा के दूसरे दिन के मंत्र ॐ ह्रीं षष्ठीदेव्यै स्वाहा, ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः, ॐ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजो राशि जगत्पते। अनुकंपय मां भक्त्या गृहाणार्ध्य दिवाकरः।।

### शिक्षकों की समस्याओं पर करेंगे मुख्यमंत्री से चर्चा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशव्यापी अभियान के तहत एलबी संवर्ग के शिक्षकों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव एवं संचालक शिक्षा के नाम कलेक्टर बस्तर को ज्ञापन सौंपा। इसी कड़ी में शिक्षकों ने बस्तर सांसद महेश कश्यप और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव को भी मांगपत्र देकर अपनी मांगें रखीं। शिक्षकों ने कहा कि टेट (टीईटी) परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए। उन्होंने तर्क दिया कि 1 सितंबर 2025 को पारित सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में पांच वर्ष से अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए टेट आवश्यक बताया गया है, जबकि राजपत्र 2012 के अनुसार अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए यह शर्त लागू नहीं थी। संघ ने मांग की कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करे,ताकि 2012 से पहले के शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके। शिक्षकों ने बताया कि पेंशन निर्धारण में सेवा अवधि की गणना 1 जुलाई 2018 से करने के कारण कई शिक्षक पुरानी पेंशन योजना से वंचित हो रहे हैं।

**खेती किसानी**

**कटाई के बाद सुरक्षित भंडारण में भी होगी परेशान**

# धान कटाई जोरों पर, बे-मौसम बारिश व मजदूरों की कमी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दीपावली पर्व के समापन के साथ ही दुर्गुकोदल सहित पूरे क्षेत्र में धान कटाई का कार्य जोरों पर शुरू हो गया है। खेतों में पकी खड़ी फसल अब कटाई के लिए तैयार है, लेकिन इसी बीच बे-मौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जहां एक ओर मजदूरों की कमी से किसान पहले से ही परेशान हैं, वहीं लगातार बदलते मौसम ने धान की फसल पर नुकसान का खतरा बढ़ा दिया है।

क्षेत्र के ग्राम हानपतरी हिगनपुरी आमागढ़, गुलालबोडी, बरहेली, पेडावारी, सिवनी, दमकसा, लोहतर, तरहुल, हाटकोदल, डुवा, तराईघोटिया, गोटुलमुड़ा, नागहूर सहित आसपास के गांवों में किसानों ने धान की कटाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है। कई जगहों पर किसान मजदूरों की सहायता से कटाई कर रहे हैं, तो कई क्षेत्रों में हार्वेस्टर मशीनों से तेजी से कटाई का काम चल रहा है। खासतौर पर हारूना किस्म के धान की कटाई पूरे क्षेत्र में तेजी से की जा रही है, क्योंकि यह किस्म जल्दी पकने वाली और अधिक उपज देने वाली मानी जाती है। मजदूरों की कमी इस बार किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। दीपावली पर्व के बाद भी कई मजदूर अपने गांव नहीं लौटे हैं, जिससे खेतों में कटाई के कार्य में देरी हो रही है। जिन किसानों ने हार्वेस्टर किराए पर लिया है, वे मशीनों की सीमित उपलब्धता के कारण समय पर कटाई नहीं करा पा रहे हैं।



### दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश

बीते दो दिनों से क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बे-मौसम बारिश के कारण खेतों में पानी भरने लगा है, जिससे धान की कटाई और गहाई दोनों प्रभावित हो रही हैं। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में बारिश नहीं थमी, तो खेतों में खड़ी फसल गिर सकती है और कटी फसल भीगकर खराब हो सकती है। क्षेत्र के किसान परदेसी राम मंडावी, रविंद्र मडावी, रेखलाल विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा और सनऊराम मंडावी ने बताया कि लगातार बदलते मौसम ने खेती को प्रभावित कर दिया है। इस समय बारिश किसी भी किसान के लिए शुभ संकेत नहीं है। फसल तैयार है और हर किसान चाहता है कि जल्दी से कटाई पूरी हो, लेकिन मजदूरों की कमी और बारिश दोनों ही परेशानी का कारण बन गए हैं। दुर्गुकोंदल और आसपास के क्षेत्रों में किसान अब मौसम के साफ होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि वे अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकें और नुकसान से बच सकें।

### मौसम का मिजाज अचानक बदला, तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



अंचल में शनिवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। यह बारिश रुक-रुक कर पूरे क्षेत्र में होती रही, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं खेतों में खड़ी फसलें तैयार अवस्था में हैं, ऐसे में इस बे-मौसम बारिश ने नुकसान की आशंका को बढ़ा दिया है। शनिवार 25 अक्टूबर को दोपहर लगभग 2 बजे के आसपास दुर्गुकोंदल एवं आसपास के ग्रामों में अचानक बादल घिर आए और देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक रुक-रुक कर हुई इस वर्षा ने खेतों में पानी जमा कर दिया है। धान की फसल इस समय कटाई के लिए पूरी तरह तैयार है और कई किसानों ने फसल की कटाई शुरू भी कर दी थी। ऐसे में बारिश से कटी हुई फसल भीग जाने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि इस समय की बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान धान की फसल को होगा। यदि आने वाले दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ तो फसल सड़ने की स्थिति बन सकती है। वहीं जिन खेतों में फसल अभी खड़ी है, वहां पौधों के गिरने और बालियों के काले पड़ने की संभावना भी जताई जा रही है। ग्रामीण धर्मसिंह मंडावी, प्रदीप कुमार मंडावी,लचछु राम नरेटी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से मौसम सामान्य था, जिससे किसानों ने कटाई की तैयारी कर ली थी। लेकिन अचानक हुए इस परिवर्तन ने उनकी मेहनत पर पानी फेरने का डर पैदा कर दिया है। लगातार भीगते खेतों और गीली मिट्टी के कारण कटाई का कार्य रोकना पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह अनियमित बारिश हो रही है, जो अगले 24 घंटों तक बनी रह सकती है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे फिलहाल कटाई रोक दें और कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें। दुर्गुकोंदल सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई इस बे-मौसम बारिश ने ग्रामीणों और किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। अब सभी की निगाहें आसमान पर टिकी हैं कि कब बादल छंटेंगे और राहत मिलेगी।

## सर्व आदिवासी समाज ने पुलिस पर मारपीट का लगाया आरोप, एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें थाना प्रभारी सहित कुछ पुलिसकर्मियों पर ग्राम मुल्ला निवासी युवक के साथ थाने में मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। घटना के विरोध में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग, भानुप्रतापपुर इकाई ने पुलिस अधीक्षक कांकेर को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया है।

जानकारी के अनुसार 19 अक्टूबर की रात पुलिस ने मुल्ला निवासी मुकेश कोरेटी को जुआ खेलने के आरोप में हिरासत में लिया था। मुकेश का आरोप है कि थाने में पूछताछ के दौरान थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख, आरक्षक टोमन साहू और कोमल नुरुटी ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़ित युवक ने बताया कि इस घटना से उसे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से गहरी क्षति पहुंची है। घटना के विरोध में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग ने पुलिस पर अत्याचार और अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए तीन प्रमुख मांग रखते हुए कहा कि आरोपित थाना प्रभारी व आरक्षकों को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, पीड़ित मुकेश कोरेटी को उचित चिकित्सकीय सुविधा एवं न्यायिक सुरक्षा प्रदान की जाए और यदि तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज भानुप्रतापपुर थाने के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगा। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ने कहा हमें पुलिस अधीक्षक कांकेर को सौंपे गए ज्ञापन की प्रति प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## फसल नहीं काटने की धमकी देते हुए किसान को मारने टंगिया लेकर दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जैसे तैसे किसान ने जान बचाई और थाने में की रिपोर्ट



आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम तुमसनार में खेत में धान की फसल लगाने और फसल को काटने की बात को लेकर विवाद हो गया। किसान से गांव के दूसरे किसान को फसल की कटाई करने से मना किया और धमकी देते हुए मारने की नियत से दौड़ाया। जैसे तैसे किसान अपने घर पहुंचकर जान बचाई और थाना में शिकायत दर्ज कराया।

आमबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुंचे तुमसनार निवासी नाथूराम मंडावी पिता स्व. चमरू राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। पुराना ग्राम पंचायत भवन तुमसनार के सामने खेत में 25 अक्टूबर को सुबह 8 बजें धान की फसल को देखने के लिए गया था। उसी समय खेत मेड़ के पास गांव के राजाराम कांगे, बिटाल बाई उर्फ सोनादाई और महेश कांगे के द्वारा मेरे जमीन खसरा नंबर 211 रक्बा 0.40 हेक्टेयर को हम लोगों का है, जिसमें तुम लोग धान बोए हो, तुम लोगों को काटने नहीं देगें कहकर गाली देने लगा। गाली देने से मना किया तो जान से मारने के नियत से तीनों दौड़ाने गले। महेश कांगे अपने पास टंगिया रखा हुआ था, जिससे मैं डरकर घर की ओर दौड़ा। उस समय मेरी बेटी ममता कोमरा व दामाद चंदर लाल कोमरा, छोटी बेटी मथूरा कोर्राम भी वहां पर मौजूद थे। उन सभी को साथ में घर लेकर आया नही तो बड़ी घटना हो सकता था। टंगिया लेकर दौड़ाने पर हम लोग परेशान है और डर बना हुआ कि हम लोगों पर किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है। आज के उनकी हरकत को देखकर परिवार के सभी सदस्य डरे हुए है।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजाराम कांगे, बिटाल बाई और महेश कांगे के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## विदेश में बजा बस्तर का डंका, युवराज ने बहरीन में 7वां स्थान पाकर बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के युवराज सिंह ने एशियन यूथ गेम्स बहरीन में 45 देशों के बीच सातवां स्थान प्राप्त कर गौरवशाली उपलब्धि हासिल की। एशियन यूथ ओलंपिक में उसने भारत का प्रतिनिधित्व किया। छग से एकमात्र म्यूथाई खिलाड़ी के रूप में शामिल थे।

राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू एवं महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ खेल जगत की ऐतिहासिक उपलब्धि है कि युवराज सिंह राजपूत ने 45 देशों के मध्य हुए मिक्स थाई म्यू टीम इवेन्ट में अपनी राजस्थान की पार्टनर खिलाड़ी हर्षिता के साथ सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और अंकों के आधार पर प्रथम सात खिलाड़ियों में स्थान बनाया। युवराज और हर्षिता की मिक्स टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए ।



उन्होंने बताया कि दूरस्थ बस्तर अंचल से गत नौ वर्षों से म्यू थाई राष्ट्रीय चैंपियन एवं चार बार के अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई पदक विजेता खिलाड़ी जगदलपुर के 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत एशियन यूथ गेम्स के लिए छग राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी रहे। यह जानकारी युवराज के कोच अब्दुल मोइम ने दी है।

## बस्तर की धरती पर गूंजा साहित्य का स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की सांस्कृतिक राजधानी जगदलपुर ने शनिवार को फिर एक बार अपनी साहित्यिक गरिमा का परचम लहराया। सूत्र जगदलपुर और ककसाड़ कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ठा पूरन सिंह स्मृति सूत्र सम्मान 2025 का आयोजन बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में बेहद गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।

यह प्रतिष्ठित आयोजन,जो पिछले 27 वर्षों से छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में साहित्य का अलख जगा रहा है,इस वर्ष अपने 28वें संस्करण में नई ऊँचाइयों को छू गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:30 बजे हुआ, जिसका संयोजन विजय सिंह (जगदलपुर) और नंदन (रायपुर) ने किया। युवा कवि को मिला सूत्र सम्मान मिला।इस वर्ष का बहुप्रतीक्षित 'सूत्र सम्मान 2025' युवा कवि डॉ सुनील कुमार शर्मा को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर उनके लेखन पर केंद्रित विशेष आलेखों का वाचन हुआ, जिसमें हिमांशु शेखर झा (जगदलपुर), अजय चंद्रवंशी (कवर्धा), मुरली मनोहर सिंह (बिलासपुर) और सुषमा झा (जगदलपुर) ने अपने विचार रखे।




पहला सत्र में विमर्श और संवाद का रंग कार्यक्रम के पहले सत्र में मुख्य अतिथि रहे भालचंद्र जोशी,प्रसिद्ध कथाकार अध्यक्षता जयप्रकाश (राजनांदगांव) ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अमृता बेरा (नई दिल्ली) और सुभाष मिश्र (रायपुर) उपस्थित रहे। सत्र में साहित्य के बदलते स्वरूप, नवलेखन और आलोचना के नए आयामों पर सार्थक विमर्श हुआ।

दूसरा सत्र में पुस्तक विमोचन और काव्यगायन की महफ़िल जमी। दोपहर 2 बजे आरंभ हुए दूसरे सत्र में साहित्यिक ऊर्जा चरम पर रही।

### निलामी से होगा रेत उत्खनन पट्टा का आवंटन

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत बकावंड विकासखंड के ग्राम कोरपाल, कानापाल और बालपुटी में रेत खदान के आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक निलामी रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से रेत उत्खनन पट्टा आवंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों की निविदा आमंत्रित किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**मतदाता सूची में हेराफेरी, वास्तविक मतदाताओं को मतदान से वंचित करने की साजिश करने का आरोप**

## वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता के अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के अंतर्गत वोट चोरी रोकने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनता को जागरूक करना है, ताकि किसी भी प्रकार की वोट चोरी, ईवीएम में छेड़छाड़ या चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ एक सशक्त जनमत तैयार हो सके।

हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से चुनाव आयोग से मतदाता सूची के प्रशासन में नाम के विलोपन और जोड़ने की प्रक्रिया, शिकायत निवारण प्रणाली तथा अन्य आवश्यक सुधारो की मांग की गई है, ताकि भारत के वास्तविक नागरिक को मतदाता सूची में हेर फेर के द्वारा मताधिकार के प्रयोग से वंचित न किया जा सके। हमारा लोकतंत्र वोट की शक्ति पर टिका है और आज यह नींव ही खतरे में है। कई लोगों और कुछ चुने हुए समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस वोट चोरी की निंदा करती है। चुनाव आयोग से आवश्यक सुधार की मांग करती है, ताकि किसी प्रकार की हेरा फेरी से किसी को भी वोट के अधिकार से वंचित न किया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवजन कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी इस मौके पर उपस्थित रहे। नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए हस्ताक्षर कर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्राम सिंह गावड़े ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र और जनता की आवाज पर हमला किया जा रहा है। सत्ता में बैठे लोग जनता के वोट की ताकत को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।



हस्ताक्षर अभियान के दौरान विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, दुर्गेश ठाकुर, बद्रीनाथ गावड़े, राकेश गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, तोमेश जोशी, गुड्डा नेताम, रमेश बघेल, दयाराम दुग्गा,मुकेश बुई, धर्मा दुग्गा, राकेश समरथ, जगदेव कड़ियाम, नीलू समरथ, दिलीप दुग्गा, हरिश्चंद्र देहारी व अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411